Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 01-03-2006

Participants : Singh Kunwar Manvendra

>

Title : Need to provide compensation to the farmers whose potato and mustard crops have been damaged due to drought and frost in Uttar Pradesh.

कुँवर मानवेन्द्र सिंह (मथुरा) : अध्यक्ष महोदय, उ0प्र0 में किसानों द्वारा सूखे के बावजूद कड़ी मेहनत कर अपने खेतों में रबी की फसल बड़े अरमानों के साथ उगाई लेकिन इस बार शीत ऋतु में पड़ी बर्फानी सर्दी व पाला पड़ने से सरसों, आलू व चना इत्यादि की फसल पूरी तरह से चौपट हो गयी है। मथुरा, आगरा आदि लगभग 22 जिलों में इस बार सूखे व पाले की चपेट में आने से यहां के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इस बार यहां के किसानों ने कम पानी की फसल के रूप में सरसों की रिकॉर्ड बुआई की परन्तु प्रत्येक किसान पाला पड़ने से प्रभावित हुआ है। बाकी रही-सही फसल पर चेपा नामक कीट लग गया और किसानों की लागत भी नहीं मिल पायी। इससे फसल जितनी बोई उससे कई गुना ज्यादा हानि उ0प्र0 में किसानों को उठानी पड़ी। राज्य के किसान बुरी तरह से संकट में फंस गये हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उ0प्र0 में सूखा व पाला पड़ने से आलू व सरसों की जितनी भी फसल प्रभावित हुयी है, उसका जायजा लेने के लिए उ0प्र0 सरकार को निर्देश जारी करें एवं प्रभावित किसानों की शीघ्र ही फसल बीमा राशि का भुगतान करने हेतु उपचारात्मक कदम उठाने की कृपा करें, जिससे सभी प्रभावित किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके।